कार्यालय महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राजस्थान जयपुर

क्रमांक:भ्रनिब्यूरो/संस्थापन/अनु.11/2020-21/ 1224 दिनांक 27.04.2023

संशोधित आदेश

इस कार्यालय के आदेश संख्या 1214 दिनांक 26.04.2023 के द्वारा हैड कानि. एमटी के एक रिक्त पद हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये है। वर्ष 2021-22 में हैड कानि. एमटी के 06 पद रिक्त है। रिक्त 03 पद योग्यात्मक परीक्षा के माध्यम से एवं 03 पद स्क्रीनिंग पद्धति से वरिष्ठता के आधार पर भरे जाने है। अतः योग्यात्मक परीक्षा वर्ष 2021-22 में एक रिक्त पद सामान्य से स्थान पर 03 रिक्त पद सामान्य हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते है। राजस्थान अधीनस्थ सेवा नियम 1989 के नियम 27(3)(ए) के प्रावधानानुसार वर्ष 2021-22 के लिये निर्देशानुसार हैड कानि. एमटी के तीन रिक्त पद (सामान्य) के विरूद्व योग्यात्मक परीक्षा आयोजित करने हेतु पात्र कानि.(एमटी) गणों से दिनांक 01.05.2023 की सायं 05 बजे तक प्रार्थना पत्र संलग्न प्रपत्र में आमंत्रित किये जाते है।उक्त योग्यात्मक परीक्षा हेतु पात्रता दिनांक 01.04.2021 को कानि. एमटी पद पर लगातार पांच वर्ष की सेवा अवधि अथवा हायर सैकण्डरी या उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त परीक्षा उत्तीर्ण होने पर 04 वर्ष की निरन्तर सेवा अवधि एवं स्नातक होने पर 03 वर्ष की निरन्तर सेवा अवधि होगी।

अतः आप अपने अधीन पदस्थापित समस्त पात्र कानि. (एमटी) गण चाहे वह प्रतिनियुक्ति /प्रशिक्षण/अवकाश/अटेचमेंन्ट/अनुपस्थित/निलंबित/अन्य संस्थाओ में कार्यरत हो/राज्य कार्य से बाहर गये हो अथवा इस कार्यालय से अन्य जिले/कार्यालय में स्थानांतरण पर गये हो को उक्त योग्यात्मक परीक्षा हेतु प्रभारी चौकी उनके आवेदन पत्र प्राप्त कर इस कार्यालय की बल शाखा में जरिये विशेष वाहक प्रस्तुत करने हेतु अपने स्तर पर पाबंद करावे यदि कोई कानि. एमटी परीक्षा में शामिल नहीं होना चाहता है तो इस आशय का प्रार्थना प्राप्त कर भिजवावे। दिनांक 01.05.2023 को सायं 05 बजे बाद प्राप्त प्रार्थना पत्रो पर विचार नहीं किया जावेगा और इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रभारी अधिकारी की होगी। उक्त आशय से सभी पात्र कानि. एमटी गणों को सूचित करा दिया गया है का प्रमाण पत्र दिनांक 29.04.2023 तक इस कार्यालय की बलशाखा में जरिये मैल/फैक्स/विशेष वाहक प्रेषित करने का श्रम करे।इसके अतिरिक्त कानि. एमटी गणों को अपने बकाया रिवार्ड, सेवा चिन्ह, प्रशिक्षण, शिक्षा आदि का सेवा रिकार्ड में इन्द्राज करवाने हेतु पाबंद करे तथा उन्हें अपने गत पांच वर्षो का एपीए (2016-17 से 2020-21) पूर्ण कराने हेतु पाबंद करें।

संलग्न- प्रपत्र तीन

27.4.23
(योगेश दाधीच)
पुलिस अधीक्षक-प्रशासन

प्रतिलिपि:-

1. समस्त महानिरीक्षक पुलिस, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राजस्थान जयपुर।
2. उप महानिरीक्षक पुलिस, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राजस्थान जयपुर
3. समस्त पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राजस्थान।
4. समस्त प्रभारी चौकी/यूनिट/कार्यालय/शाखा भ्रनिब्यूरो राजस्थान
5. उप अधीक्षक पुलिस, मुख्यालय, राजस्थान, जयपुर
6. संचित निरीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राजस्थान जयपुर को भेज कर लेख हे कि उपरोक्त आदेश नोटीश बोर्ड पर लगावे तथा सभी को सूचित कर पालना से अवगत करावे।
7. उप निरीक्षक एमटी भ्रनिब्यूरो, राजस्थान जयपुर को भेज कर लेख है कि आपके अधीन कार्यरत समस्त कानि एमटी गणो को उपरोक्तानुसार सूचित कर प्राप्त आवेदन संकलित कर बल शाखा में भिजवावे।
8. प्रभारी कम्प्यूटर सैल भ्रनिब्यूरो जयपुर को भेज कर लेख है कि ब्यूरो की वेबसाईट पर अपलोड करा कर अवगत करावे।

27.4.23
पुलिस अधीक्षक-प्रशासन

Scanned with OKEN Scanner